# तरंग

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल भोपाल का
मासिक ई - न्यूजलेटर

tarangnews2024@gmail.com | माह- मार्च 2025 | अंक - 21 वां


**सुविचार**

शिक्षा वह नींव है, जिस पर हम अपने भविष्य का निर्माण करते है ।

## NAAC Cycle- 3 महाविद्यालय को मिला B++ Grade




## संदेश



बड़े हर्ष का विषय है कि नये वर्ष का तीसरा ई- न्यूज लेटर आपके समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। यह ई- न्यूज लेटर महाविद्यालयीन गतिविधियों, छात्र उपलब्धि और आपकी प्रतिक्रियाओं का दर्पण है। 'नयी कलम से' स्तंभ आपकी रचनाओं के लिए हैं। 'स्टूडेंट कॉर्नर' में आप अपनी प्रतिक्रिया और सुझावों द्वारा इस ई-न्यूज लेटर को अधिक प्रभावी बना सकते हैं। 'तरंग स्टार' में प्रत्येक माह आपके किसी साथी को स्थान मिलता है। यह छात्र-प्रोत्साहन का अनूठा प्रयास है। मैं विद्यार्थियों और प्राध्यापकों से अनुरोध करता हूँ कि इस ई- न्यूज लेटर 'तरंग' को और अधिक प्रभावी, समसामयिक और छात्रोपयोगी बनाने हेतु समय - समय पर अपने सुझाव प्रेषित करते रहें।

शुभकामनाओं के साथ ।

डॉ. संजय जैन
प्राचार्य

# महाविद्यालयीन गतिविधियाँ

## महाविद्यालय के स्नातक के विद्यार्थियों को कराया पीपुल्स यूनिवर्सिटी का भ्रमण















01/02/2025 महाविद्यालय के स्नातक के छात्रों ने पीपुल्स यूनिवर्सिटी का भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने पीपुल्स यूनिवर्सिटी की भव्यता को देखा और पीपुल्स वर्ल्ड के जीवंत वातावरण का आनंद लिया। छात्रों के साथ प्राध्यापकों के दल में प्रो. चित्रा खरे, डॉ. अर्चना जैन, प्रो. ललित गौर, डॉ. उषा परिहार, डॉ. अविनाश मिश्रा, सुश्री पटेल और प्रो. अनुपमा गीते उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता सप्ताह








01/02/2025 को सत्य साईं महाविद्यालय भोपाल में सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें चुनिन्दा महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों जिन्होंने सड़क सुरक्षा पखवाड़े में अपना पूर्ण योगदान दिया, उन विद्यार्थियों को कॉलेज में सम्मान के लिए बुलाया। कार्यक्रम के अतिथि डॉ. आनंद कुमार, डॉ. प्रतिभा सिंह, डॉ.राकेश सिंह तोमर, डॉ. अनंत कुमार सक्सेना राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, डॉ. निक्की ठाकुर ट्रैफिक पुलिस DSP, प्राचार्य डॉ. अर्चना श्रीवास्तव सत्य साईं महाविद्यालय एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित करके हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथियों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित विषय पर विचार साझा किये। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा से संबंधित सड़क दुर्घटना के कारण और निवारण, सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन सड़क सुरक्षा जागरूकता पर चर्चा की तथा कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा के बारे जागरूक करने के लिए नारे लगाए। अंत में सभी स्वयंसेवकों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल, भोपाल की राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समता जैन को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम के समापन पर राहुल सिंह परिहार जी के द्वारा समस्त पुलिस एवं सड़क परिवहन विभाग का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## महाविद्यालय में मनाया गया बसंत पंचमी का उत्सव



03/02/2025 को महाविद्यालय के नवीन भवन के मुख्य द्वार पर बसंत पंचमी का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया और पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को प्रकृति से शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। प्राचार्य महोदय ने महाविद्यालय परिवार को बसंत की भांति नयी ऊर्जा से परिपूर्ण रहने की शुभकामनाएं दीं। स्टाफ क्लब प्रभारी डॉ. अर्चना शर्मा और महाविद्यालय परिवार ने माँ सरस्वती के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की।

## महाविद्यालय में मनायी गयी ' निराला जयंती '










03/02/2025 महाविद्यालय में निराला जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन कर रहे बीए द्वितीय वर्ष के छात्र मनन दीक्षित ने कुछ पंक्तियां पढ़ीं- **निराला नाम था उसका, निराला ही निराला था, गरल पीता था पीड़ा का, कंठ उसका शिवाला था, काव्य को गंध दी उसने, कली जुही की महकाकर, तोड़ चट्टान का सीना स्वयं का पथ निकाला था।** कवि गोविंद सक्सेना की इन पंक्तियों ने निराला के व्यक्तित्व को एक आकार प्रदान किया। बसंत पंचमी के अवसर पर बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल, भोपाल में हिंदी विभाग और स्वरचित साहित्य मंच ने बसंत पंचमी पर निराला जी का भावपूर्ण स्मरण किया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि हम सभी को बसंत से ऊर्जावान बने रहने की प्रेरणा लेनी चाहिए। हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध कवि निराला भी प्रकृति से जुड़कर ही काव्य-सृजन किया करते थे। इस कार्यक्रम में प्रमिला कुजूर, मेघा अहिरवार और सुमन रघुवंशी ने सुमधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। रुक्मणि रैकवार, मनन दीक्षित और नैना मालवीय ने माँ सरस्वती और बसंत पर अपनी स्वरचित कविताएं पढ़ीं। मेघा ने सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के काव्यत्व पर अपने मौलिक विचार रखे। महाविद्यालय के नवीन भवन के मुख्य द्वार पर आयोजित इस कार्यक्रम में पूरा महाविद्यालय परिवार और सभी संकाय के विद्यार्थियों की उपस्थिति ने इस वसंत पंचमी को सार्थक कर दिया। महाविद्यालय का हिंदी विभाग प्रतिमाह इस प्रकार की गोष्ठी का आयोजन करता है। सहभागी रचनाकार विद्यार्थियों को प्राचार्य महोदय द्वारा पुरस्कृत किया गया। हिंदी विभाग की अध्यक्ष डॉ.सुषमा जादौन, सहायक प्राध्यापक डॉ. कमलेश सिंह नेगी, अतिथि विद्वान डॉ.निर्मला शुक्ला ने इस आयोजन की स्वीकृति के लिए प्राचार्य डॉ.संजय जैन और गरिमामय उपस्थिति के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

## विद्यार्थियों को कराया राज्य संग्रहालय का भ्रमण


















04/02/2025 मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विद्यार्थियों का राज्य संग्रहालय में भ्रमण निर्धारित किया गया। यह भ्रमण पुरातत्व विभाग द्वारा सुरक्षित रखी गई सांस्कृतिक धरोहर के इतिहास को विद्यार्थियों को जानने के लिए शासन द्वारा किया गया है। इसके अंतर्गत बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल से विद्यार्थियों का दल एवं प्राध्यापक 4 फरवरी 2025 को संग्रहालय के भ्रमण हेतु गए। विद्यार्थियों ने संग्रहालय में पुरातत्व विभाग द्वारा सुरक्षित रखी गई ऐतिहासिक धरोहर का अवलोकन किया। इससे उनका ज्ञान वर्धन हुआ। विद्यार्थियों ने सदियों पुरानी मानव जाति की संस्कृति को समझा एवं उनके दैनिक जीवन में उपयोग की जाने वाली वस्तुओं को देखा। इस भ्रमण में डॉ. अनुपमा यादव, डॉ. ललित कुमार गौर प्राध्यापक पीजीडीएचएम, श्रीमती अनुपमा गीते, अतिथि विद्वान ट्रेवल एंड टूरिज्म एवं श्रीमती चित्रा खरे सम्मिलित हुई। इस भ्रमण के लिए विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन को उनके सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद प्रेषित किया।

## युवा शक्ति मिशन के संबंध में जारी पीपीटी /वीडियो का प्रदर्शन




06/02/2025 को कला संकाय स्नातक के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रथम चरण में युवा शक्ति मिशन के संबंध में जारी पीपीटी / वीडियो का प्रदर्शन दोपहर 1:00 बजे IQAC सेमिनार हॉल में किया गया। जिसे विद्यार्थियों ने रूचि लेकर देखा।

## अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में की सहभागिता







अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार दिनांक- 6 - 7 फरवरी 2025 को इकोनॉमिक्स डिपार्टमेंट डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सेंट्रल यूनिवर्सिटी सागर और इंडियन इकॉनोमिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान मे आयोजित किया गया, जो कि **“ बौद्धिक संपदा, अधिकार और व्यावहारिक अर्थशास्त्र: भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न आयामों को बदलना”** विषय पर मध्यप्रदेश की कार्यकारी परिषद की सदस्य डॉ. समता जैन, प्राध्यापक अर्थशास्त्र बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल द्वारा टेक्निकल सेशन चेयर किया गया, जिसमें विभिन्न व्याख्यान मे भारत और विश्व के विभिन्न प्रतिभागियों द्वारा कई नए सार निकलकर और बौद्धिक संपदा संरक्षण हेतु सारगर्भित चर्चा की गई।

## ‘उमंग’ उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत ‘योग एवं संतुलित भोजन’ विषय पर व्याख्यान का आयोजन






08/02/2025 महाविद्यालय में **उमंग’ उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत ‘योग एवं संतुलित भोजन’** विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष श्री बारेलाल जी अहिरवार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन जी ने की। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी श्रीमती सुषमा तिवारी ने संचालन किया। महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहे। विद्यार्थियों के द्वारा योग एवं संतुलित भोजन विषय पर व्याख्यान को पूरे मनोयोग से सुना गया। योग विषय पर व्याख्यान डॉ. चन्द्रशेखर विश्वकर्मा एवं संतुलित भोजन विषय पर व्याख्यान डॉ. मीता बादल, सहायक प्राध्यापक, गृहविज्ञान के द्वारा दिए गए।

## युवा शक्ति मिशन के अंतर्गत पीपीटी/वीडियो का प्रदर्शन




08/02/2025 वाणिज्य संकाय स्नातक के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को **युवा शक्ति मिशन** के संबंध में जारी पीपीटी /वीडियो का प्रदर्शन IQAC सेमिनार हॉल में किया गया। विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने रूचि लेकर पीपीटी / वीडियो को देखा।

## श्री संत रविदास सेवा समिति मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा महाविद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया गया सम्मान




10/02/2025 को श्री संत रविदास सेवा संस्थान भोपाल और श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ मप्र द्वारा बरखेड़ा भेल स्थित प्राचीन संत रविदास मंदिर में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा स्वरोजगार योजनाओं के पत्र बांटे गये। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भोपाल के प्राचार्य डॉ. संजय जैन और गोविंदपुरा थाना प्रभारी अवधेश सिंह तोमर ने विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष श्री बारेलाल अहिरवार ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को स्वरोजगार योजनाओं के बारे में बताया तथा इस अवसर पर स्वरोजगार योजनाओं के पत्र भी वितरित किए गए।

## साइबर सुरक्षा उत्सव में महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने की सहभागिता





11/02/2025 बीएसएसएस कॉलेज भोपाल द्वारा साइबर सुरक्षा उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय से विद्यार्थियों एवं डॉ. वर्षा चौहान, सहायक प्राध्यापक, गणित द्वारा सहभागिता की गई।

## युवा शक्ति मिशन के अंतर्गत पीपीटी /वीडियो का प्रदर्शन






11/02/2025 विज्ञान संकाय स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को युवा शक्ति मिशन के संबंध में जारी पीपीटी / वीडियो का प्रदर्शन दोपहर 1:00 बजे IQAC सेमिनार हॉल में किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता दी।

## एक दिवसीय नशा मुक्ति अभियान का आयोजन






15/02/2025 **भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान (NISD) नई दिल्ली, राज्य स्तरीय समन्वय एजेंसी (SLCA) भोपाल म. प्र. नशा मुक्ति अभियान संगठन** के सौजन्य से महाविद्यालय में **'एक दिवसीय नशा मुक्ति अभियान'** का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. संजय जैन द्वारा माननीय अतिथि डॉ.अतुल कुमार रायजादा को नवपल्लवित पौधा भेंट कर किया गया। डॉ. गरिमा जाउलकर द्वारा नव पल्लवित पौधा देकर प्राचार्य महोदय का सम्मान किया। प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को इस विषय की गहराई को समझाते हुए उचित मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. समता जैन ने किया। सरकार द्वारा चलाए जा रहे **"नशा मुक्त भारत अभियान"** के तहत सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय के राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान (NISD) नई दिल्ली के दिशा निर्देशन में भारत सरकार के राज्य स्तरीय समन्वय एजेंसी (SLCA) भोपाल द्वारा कॉलेज/ यूनिवर्सिटी में अध्यनरत छात्रों को नशीली वस्तुओं के घातक दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराकर नशीले पदार्थों से दूर रखने के उद्देश्य से **"युवाओं लिए फैशन बन रहे नशीले पदार्थ"** विषय पर एक दिवसीय नशा मुक्ति जनजागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में **डॉ. अतुल कुमार रायजादा, SLCA सामाजिक न्याय एवं अधिकरिता मंत्रालय भारत सरकार** ने नशे से वर्तमान में युवाओं का भटकाव और नशे का फैशन के रूप में बढ़ता प्रभाव और युवाओं को नशे के दुष्परिणाम उनसे बचने के उपाय समाज पर इसका असर जैसे विभिन्न विषयों पर प्रकाश डाला, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ अपनी सहभागिता की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. गरिमा जाउलकर, डॉ. सीमा श्रीवास्तव, डॉ. सुषमा जादौन, श्रीमती प्रतिभा डेहरिया, श्रीमती सुषमा तिवारी डॉ. इलारानी श्रीवास्तव आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के आईक्यूएसी सेमिनार हॉल में हुआ। समापन के अंत में शपथग्रहण कार्यक्रम किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी बालक इकाई डॉ. समता जैन द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## भारतीय ज्ञान परंपरा के तत्वावधान में भाषण, संगोष्ठी और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन













18/02/2025 बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल, भोपाल में '**भारतीय ज्ञान परंपरा**' के तत्वावधान में भाषण, संगोष्ठी और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता का विषय था- '**शिक्षा के क्षेत्र में मातृभाषा की भूमिका**'। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. संजय जैन, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. समता जैन, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. उमेश कुमार साकल्ले, डॉ. अविनाश मिश्रा, श्री सौरव सिंह सहित समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे। विद्यार्थियों द्वारा प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया और मातृभाषा की भूमिका का महत्व बताते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उसकी महत्ता बतायी।

## 'उमंग' उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत "मानसिक स्वास्थ्य" विषय पर व्याख्यान आयोजन







18/02/2025 **उच्च शिक्षा विभाग के हेल्थ और वेलनेस अभियान "उमंग"** के अंतर्गत **"मानसिक स्वास्थ्य"** विषय पर जागरूकता के लिए विषय विशेषज्ञ डॉ. रजनीश जैन सेवानिवृत प्राध्यापक, शासकीय मनोविज्ञान एवं संदर्शन महाविद्यालय जबलपुर का व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें डॉ. रजनीश जैन ने कहा कि हमारे जीवन में जैसा हम सोचते हैं वैसी घटनाएं घटित होने लगतीं हैं इसलिए सदैव सकारात्मक सोच रखना ही जीवन की सफलता है। समस्यायों का क्रम हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, इनसे घबराना नहीं बल्कि इनके समाधान खोजने चाहिए। विद्यार्थी जीवन अनेक चुनौतियों से भरा होता है , कई समस्याएं भी होतीं हैं, लेकिन सभी समस्याओं के समाधान भी अवश्य होते हैं इसलिए हमेशा मानसिक रुप से सुदृढ़ रह कर समस्याओं का निराकरण करें। कोई भी समस्या ऐसी नहीं होती, जिसका समाधान न हो, कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने अपने उद्बोधन में बताया कि महाविद्यालय में प्रति सोमवार दोपहर 12 बजे से किसी भी प्रकार की मानसिक, व्यक्तिगत, परिवारिक, शैक्षणिक या अन्य समस्यायों के निराकरण के लिए डॉ. रजनीश जैन द्वारा निशुल्क परामर्श उपलब्ध रहेगें। जिससे छात्र -छात्राएं, अभिवावक स्टाफ, एलुमनाई और स्थानीय रहवासी भी लाभान्वित हो सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती सुषमा तिवारी ने किया, इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र छात्राएं, प्राध्यापकगण तथा एलुमनाई प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## भारतीय ज्ञान परंपरा के तत्वावधान में प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन










19/02/2025 बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल के '**भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ**' द्वारा प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक '**मातृ भाषा और राष्ट्रीय परिदृश्य**' रखा गया। इस विधा को आयोजित करने का प्रमुख उद्देश्य मातृ भाषा के प्रति आज की नई पीढ़ी में जागरूकता लाना है और उसके राष्ट्रीय परिदृश्य की जानकारी आज की युवा पीढ़ी को उपल्ब्ध कराना है। यह विधा मातृ भाषा के क्षेत्र में नई प्रतिभाओं को निखारने के लिए भी यह बहुत अच्छा मंच है। इस परीक्षा में महाविद्यालय के विभिन्न विषयों के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विधार्थियों ने भाग लिया। इस प्रश्न मंच में तीन टीम A, B तथा C बनाई गई। परीक्षा के दौरान प्रश्न मंच की संयोजक डॉ. अर्चना जैन, प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. समता जैन एवं प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ. स्मृति चौहान, सुश्री आरती पटेल, श्रीमति पूनम वरवड़े एवं महाविद्यालय के विधार्थियों की उपस्थिति रही। प्रश्न मंच विधा में टीम C (यश अग्रवाल व नरेन्द्र B.Sc. प्रथम वर्ष) ने प्रथम स्थान, टीम A (देवेंद्र मंडलेकर व मनीष कुमार पटेल B.Sc. द्वितीय वर्ष) ने द्वितीय स्थान तथा टीम B (देवांश मिरोठा व हरन खान B.Sc. तृतीय वर्ष) तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## उमंग उच्च शिक्षा और कल्याण कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान











22/02/2025 “स्वच्छता केवल व्यक्तिगत स्वच्छता नहीं है, यह एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जो एक स्वस्थ और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करती है।” बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल, भोपाल, में “उमंग” उच्च शिक्षा और कल्याण कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन के मार्गदर्शन में किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समता जैन बालक इकाई और असिस्टेंट प्रोफेसर सौरव सिंह भी उपस्थित रहे। साथ में डॉ. सीमा श्रीवास्तव, डॉ. शीला कुमार, श्रीमती प्रतिभा डेहरिया, डॉ. स्मृति चौहान, मोनिका सिंह, डॉ. अविनाश मिश्रा एवं महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों और बच्चों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहयोग किया और महाविद्यालय के विद्यावन को स्वच्छ किया गया ।

## विद्यार्थियों को कराया शैक्षणिक भ्रमण












25/2/2025 स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय तृतीय वर्ष के नियमित विद्यार्थियों को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी तथा गतिशील करियर की संभावनाओं से परिचित कराने के लिए **BSSS Institute Of Advanced Studies, Bhopal (M.P)** में संयोजक प्रो. प्रतिभा डेहरिया के मार्गदर्शन में एवं डॉ.निर्मला शुक्ला व प्रो.सौरव सिंह के नेतृत्व मे शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया, जिसमें तीनों संकायों के 30 विद्यार्थियों ने भाग लेकर लाभ प्राप्त किया।

## महाविद्यालय में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना" के प्रचार-प्रसार कार्यक्रम का आयोजन












28/ 02 /2025 बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल, भोपाल में स्वामी विवेकानंद कॅरियर गाइडेंस, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में ‘**प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना**’ के प्रचार-प्रसार के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, इसके माध्यम से विद्यार्थियों को योजना से संबंधित समस्त बिंदुओं जैसे- शैक्षणिक पात्रता, इंटर्नशिप अवधि, स्टाइपेंड, पंजीयन की प्रक्रिया के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम में सभी संकायों के स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर के लगभग 50 विद्यार्थियों ने भागीदारी की । इस कार्यक्रम में SVCGC प्रभारी श्रीमती प्रतिभा डेहरिया सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र, डॉ. अर्चना जैन सह प्राध्यापक गणित एवं डॉ. शीला कुमार सहायक प्राध्यापक वनस्पति विज्ञान द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित किया गया।

# महाविद्यालय के कर्मचारी श्री प्रहलाद पराडकर जी की सेवानिवृत्ति पर सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन


बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल, भोपाल

सम्मान एवं विदाई समारोह

आमंत्रण

अत्यंत हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय के कर्मठ एवं निष्ठावान कर्मचारी श्री प्रहलाद पराडकर जी की सेवानिवृत्ति के अवसर पर स्टाफ क्लब द्वारा उनका सम्मान एवं विदाई समारोह निम्नानुसार आयोजित है:-

दिनांक- 28 फरवरी 2025, शुक्रवार
समय: दोपहर 01 बजे
स्थान- आईक्यूएसी सेमिनार हॉल

इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार सादर आमंत्रित है।

(डॉ. अर्चना शर्मा)
स्टाफ क्लब प्रभारी

(डॉ. संजय जैन)
प्राचार्य
































28/02/2025 महाविद्यालय के कत्तर्व्यनिष्ठ, समर्पित और निष्ठावान कर्मचारी श्री प्रहलाद पराडकर जी की सेवानिवृति पर सम्मान और विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। महाविद्यालय परिवार द्वारा श्री पराडकर जी को पुष्पगुच्छ, शॉल, श्रीफल एवं भगवान श्री कृष्ण जी की मूर्ति भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्री पराडकर जी के परिवारजन भी उपस्थित हुए। उनका भी पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। महाविद्यालय परिवार ने श्री पराडकर जी के स्वस्थ एवं दीर्घायु रहने की कामना की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन द्वारा श्री पराडकर जी को सेवानिवृत्ति की शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं। श्री पराडकर जी ने महाविद्यालय परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की एवं सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुराधा दुबे, प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र द्वारा किया गया एवं श्री रमाकांत तिवारी जी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# स्टूडेंट कॉर्नर

## नयी कलम से............

### उपलब्धियाँ

उपलब्धियां आकाश बनाती हैं।
किन्तु बातें और भी हैं जो अवकाश बनाती हैं।।
अपने श्रेष्ठतम के साथ उपस्थित हूं मैं।
यही कारण है कि व्यथित हूं मैं।।
मेरी अतिरिक्त क्षमताएं मुझे अपना ग्रास बनाती हैं।।
उपलब्धियां............

दबा ढंका मौन में है जो।
चैन में आराम में है वो।।
दायरों को तोड़ मुझे सक्रिय अनायास बनाती हैं।
उपलब्धियां............

कुमकुम शर्मा
बी.कॉम.प्लेन, द्वितीय वर्ष

## प्रतिक्रियाएँ ई-मेल द्वारा प्राप्त

फरवरी माह का ई न्यूज लेटर पढ़कर बहुत अच्छा लगा मेरा विशेष अनुरोध है कि छात्र-छात्राओं की रचनाएं अधिक से अधिक प्रकाशित करें।

कुमकुम शर्मा
बी.कॉम.प्लेन, द्वितीय वर्ष

मुझे तरंग का फरवरी अंक बहुत अच्छा लगा। सर्जना पत्रिका की तरह यह भी हमारी साहित्यिक अभिरुचि को बढ़ावा दे रहा है। संपादन मंडल को धन्यवाद

रुक्मणी रैकवार
बीए द्वितीय वर्ष

मुझे तरंग का फरवरी अंक देखकर बहुत खुशी हुई। क्या मेरी रचनाएं भी इसमें छप सकती हैं?

कांति नवरंगे
बीए द्वितीय वर्ष


# तरंग स्टार

## दीपेन्द्र साकेत



महाविद्यालय के दीपेन्द्र साकेत एम.ए. पॉलिटिकल साइंस ने यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट की परीक्षा में 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

## धीरज पाण्डेय



महाविद्यालय के धीरज पाण्डेय एसएससी ने सीएचएसएल की परीक्षा में धीरज की 1719 रैंक हासिल की। इसके बाद एसएससी सीएचएसएल 2024 परीक्षा की तैयारी की। धीरज की इस महाविद्यालय से स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई की। शिवपुर बगदरा गांव के निवासी धीरज पाण्डेय ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। उन्होंने एसएससी सीएचएसएल 2024 की परीक्षा में 1719 रैंक हासिल की है और गृह मंत्रालय में चयनित हुए हैं। धीरज पाण्डेय ने अपनी प्राथमिक शिक्षा गांव में प्राप्त की और इसके बाद सरस्वती शिशु मंदिर चितरंगी से माध्यमिक शिक्षा पूरी की। उन्होंने एमपी बोर्ड 10वीं परीक्षा में 94.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और इसके बाद सुपर 30 सरस्वती शिशु मंदिर विध्यनगर से एमपी बोर्ड 12वीं परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस उपलब्धि पर उनके परिवार, गांव और समाज के लोगों में खुशी का माहौल है। उनके बड़े भाई सूरज पाण्डेय पिता हेमराज पाण्डेय, दादा अनुसूइया प्रसाद पाण्डेय और गुरुजनों ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

## आगामी कार्यक्रम

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
- होली मिलन समारोह
- वार्षिक स्नेह सम्मेलन "विहान"
- भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की गतिविधियाँ

## संपादक की पाती

**माह मार्च 2025 का ' तरंग ' अंक आपके हाथों में है। यह अंक आपको कैसा लगा, हमें अवश्य बताएँ । आपकी टिप्पणी / सुझावों की हमें प्रतीक्षा रहेगी । विद्यार्थी अपनी रचनाएँ, सुझाव, प्रतिक्रिया और उपलब्धि 'स्टूडेंट कॉर्नर' के लिये tarangnews2024@gmail.com पर मेल कर सकते हैं।**

सौजन्य ई-न्यूज़लेटर समितिः- डॉ. सुषमा जादौन (संयोजक)
डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव, डॉ. इलारानी श्रीवास्तव, डॉ. मीता बादल
श्री संजय साहू (कम्प्यूटर वर्क)